**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**

**24.07.2024 के**

**अतारांकित प्रश्न सं. 340 का उत्तर**

**केरल में वंदे भारत ट्रेन**

**340. श्री एन. के. प्रेमचन्द्रनः**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या सरकार का देश, विशेषकर केरल और कोल्लम में कोल्लम शेंगोट्टै रेल मार्ग से वंदे भारत रेलगाड़ियां शुरू करने का विचार है;**

**(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ग) क्या सरकार का वंदे भारत ट्रेनों को समय-सारणी के हिसाब से चलाने के लिए अन्य रेल सेवाओं में होने वाले विलंब को रोकने का भी विचार है;**

**(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ङ) क्या सरकार का वंदे भारत ट्रेनों में निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए डिब्बे लगाने का विचार है;**

**(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(छ) वंदे भारत ट्रेनों से होने वाले लाभ का ब्यौरा क्या है;**

**(ज) क्या सरकार का कोल्लम शेंगोट्टै मार्ग से वंदे भारत ट्रेन शुरू करने का विचार है; और**

**(झ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (झ): चूंकि रेल नेटवर्क राज्य सीमाओं के आर-पार फैला होता है , इसलिए नेटवर्क की आवश्यकता के अनुसार ऐसी सीमाओं के आर-पार गाड़ियों का परिचालन किया जाता है।**

s.k

वंदे भारत सेवाएं पूरी तरह से वातानुकूलित सेवाएं हैं और गैर-एसी कोचों को इन गाड़ियों में परिचालनात्मक रूप से नहीं जोड़ा जा सकता है। 19 जुलाई, 2024 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल (आईआर) में 102 वंदे भारत गाड़ियां परिचालित हो रही हैं, जिनमें दो जोड़ी गाड़ियां 20631/20632 मंगलूरु सेंट्रल-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस और 20633/20634 कासरगौड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस शामिल हैं जो केरल राज्य में स्थित स्टेशनों को सेवित कर रही हैं। इस समय कोल्लम स्टेशन को 79 जोड़ी गाड़ी सेवाओं और शेंगोट्टै स्टेशन को 14 जोड़ी गाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता के अध्यधीन वंदे भारत की अतिरिक्त सेवाएं शुरू करना एक सतत् प्रक्रिया है। भारतीय रेल पर, वंदे भारत सेवाओं सहित यात्री गाड़ी सेवाएं निर्धारित समय-सारणी और अन्य सेवाओं का उल्लंघन किए बिना गड़ियों की वरीयता संबंधी सामान्य आदेश के अनुसार परिचालित की जाती हैं। इसके अलावा, भारतीय रेल गाड़ियों को उनकी समय-सारणी के अनुसार चलाने के सभी प्रयास करती है। इसके अलावा, गाड़ी-वार लाभप्रदता संबंधी आंकड़े नहीं रखे जाते हैं।

*****

s.k